शिवमय हुआ शहर...शिवालयों में गूंजे भोले के जयकारे

नवभारत न्यूज

रतलाम। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा और भक्ति के साथ अनेक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने भगवान शिव का जल, दूध, बेलपत्र एवं पंचामृत से अभिषेक कर पूजा-अर्चना की। दिनभर मंदिरों में भजन-कीर्तन, रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। शाम को शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। रात्रि में भक्तों ने जागरण कर भजन-संकीर्तन और मंत्रोच्चार किया। कई स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया, जहाँ श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

सत्यम् शिवम् सुन्दरम् महारुद्राभिषेक हुआ: सनातन सोशल ग्रुप द्वारा सत्यम् शिवम् सुन्दरम् महारुद्राभिषेक का आयोजन रविवार को मां कालिका माता मेला प्रांगण में किया गया। हर हर महादेव, सनातन धर्म की जय के साथ पूरा परिसर शिवमय हो गया। आचार्य पंडित संजय जी गामोठ के सान्निध्य में विद्वान भूदेवों द्वारा महारुद्राभिषेक कराया गया। 251 यजमानों ने इस महारुद्राभिषेक में शामिल होकर अभिषेक किया। महारुद्राभिषेक में मुख्य यजमान बतौर अजय शर्मा सपत्नी मौजूद रहे।

ग्रुप संयोजक मुन्नालाल शर्मा एवं अध्यक्ष अनिल पुरोहित ने बताया मां कालिका माता सांस्कृतिक मंच पर एक दिव्य शिवलिंग के साथ परिसर में 12 ज्योतिर्लिंग स्थापित किए गए। सत्यम् शिवम् सुन्दरम् महारुद्राभिषेक के लिए पूरे परिसर को भगवा ध्वज से सजाया गया था। श्रद्धालुजनों को 5 क्विंटल श्रीखंड व 5 क्विंटल फरियाली खिचड़ी की प्रसाद वितरित की गई। इस दौरान सनातन सोशल ग्रुप के संरक्षक और पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, बजरंग पुरोहित, मनोहर पोरवाल, राजेश महेश्वरी, मोहनलाल भट्ट, कैलाश झालानी, प्रवीण सोनी, अशोक पंड्या, मोहन मुरलीवाला, पवन सोमानी, नरेंद्र जोशी, शैलेन्द्र तिवारी, निमिष व्यास, राजेश कटारिया, बसंत पंड्या, पुष्पेंद्र जोशी, ललित कोठारी, अशोक जैन लाला, शैलेन्द्र सिंह राठौर, राजेश जैन, नीलेश सोनी, विशाल जायसवाल, राजेंद्र पाटीदार, नरेंद्र बाहेती, विशाल अग्रवाल, दिनेश राठौड़, डॉ. राजेंद्र शर्मा, नवनीत सोनी, महेश व्यास, भरत शर्मा (टंच), सुरेश पापटवाल, सोनू यादव, मंगल लोढ़ा आदि मौजूद रहे।

धर्म संस्कृति और पर्व का जीवन में विशेष महत्व : मंत्री काश्यप

महाशिवरात्रि पर्व पर कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि धर्म संस्कृति और पर्व का जीवन में विशेष महत्व है। इनसे समाज में ऊर्जा का संचार होता है। श्री काश्यप ने शहर के प्राचीन श्री गढ़कैलाश महादेव मंदिर पहुंचकर अभिषेक किया और भगवान श्री गढ़कैलाश के मनमोहक श्रृंगार के दर्शन कर धर्म लाभ लिया। श्री गढ़कैलाश सेवा समिति ने उनका स्वागत सम्मान किया। श्री काश्यप ने शहर में आयोजित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होकर शहरवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी। कालिका माता प्रांगण में सनातन सोशल ग्रुप द्वारा आयोजित महाकाल रुद्राभिषेक के कार्यक्रम में वे 251 अभिषेक के यजमानों के साथ महाआरती में शामिल हुए। उन्होंने श्री मनमौजी शंकर महादेव से निकली शिव बारात में भी भगवान की पूजा अर्चना कर शिव भक्तों को बधाई दी। श्री रत्नेश्वर महादेव मंदिर से निकाली गई शाही सवारी का मंत्री श्री काश्यप ने दर्शन-वंदन कर धर्मलाभ लिया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, महापौर प्रहलाद पटेल, विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद राठौड़, विप्लव जैन, मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी, नंदकिशोर पंवार, आकाश खडके, विशाल शर्मा, हितेश कामरेड, दिलीप गांधी, मंगल लोढ़ा, राकेश मीणा, दिनेश राठौड़, सतीश भारतीय, गोपाल शर्मा, मुन्नालाल शर्मा, अनिल पुरोहित आदि उपस्थित रहे।

गढ़कैलाश महादेव का लाखों रूपए से श्रृंगार

शहर के अति प्राचीन श्री गढ़कैलाश महादेव मंदिर में भगवान का 11 लाख रुपए के नोटों से भव्य श्रृंगार किया गया है। श्री गढ़ कैलाश सेवा समिति ट्रस्ट के संरक्षक अशोक चौटाला, अध्यक्ष सतीश राठौड़, सतीश भारतीय ने बताया कि महाशिवरात्रि को लेकर मंदिर परिसर में विशेष सजावट और व्यवस्था की गई हैं। इस बार भी पिछले वर्ष की तरह लाखों रूपए से मंदिर में सजावट की गई हैं। 11 लाख रुपए के नोटों के अलावा सिक्कों से नारियल बनाकर तोरण द्वार भी सजाया गया। दर्शन के लिए सुबह से दोपहर तक भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। रविवार भगवान श्री गढ़कैलाश का सुबह 6 बजे लघु रुद्राभिषेक किया गया। 11 बजे से महाप्रसादी बांटी और शाम को अतिथियों द्वारा 1111 दीप शिखाओं से महाआरती की जाएगी। 50 क्विंटल लस्सी की प्रसादी का वितरण किया जा रहा है, जो देर रात तक जारी रहेगा।

महादेव की निकली बारात

जयश्री महाकाल भक्त मंडल द्वारा खेरादीवास स्थित श्री मौजी शंकर महादेव मंदिर से दोपहर 3 बजे भगवान की बारात निकली । इसमें भूत-भावन की टोलियां शामिल हुए। श्री मौजी शंकर महादेव की बारात में बदनावर के संगम बैंड के कलाकार एक से बढ़ कर भजन गाने के साथ धून की आकर्षक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान जवाहर व्यायामशाला के कलाकार मलखंब का प्रदर्शन भी करेंगे।

निकली छड़ी यात्रा

भक्तन की बावड़ी स्थित मुक्तिधाम से शनिवार दोपहर 34वीं केदारेश्वर छड़ी यात्रा निकाली गई। छड़ी यात्रा बैंड-बाजों के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई शाम को धामनोद पहुंची। जहां भंडारा प्रसादी हुई। रात 2 बजे यात्रा फिर रवाना हुई। श्रद्धालु रविवार को ब्रह्म मुहूर्त में केदारेश्वर पहुंचकर भगवान का अभिषेक किया।

शिवभक्तों ने किया सामूहिक 'ऊँ नम: शिवाय' का जाप

सेवावीर परिवार के स्थापना दिवस के व महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में सामूहिक 'ऊँ नम: शिवाय' जाप का आयोजन बरबड़ रोड स्थित होटल बालाजी सेंट्रल में किया। इसके पूर्व विभिन्न पवित्र तीर्थों, नदियों, कुंडों और समुद्रों का जल श्रद्धालुओं द्वारा लाकर एकत्रित किया पवित्र जल को एक पात्र में संजोकर समस्त भक्तों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ अभिमंत्रित किया गया। तत्पश्चात यह अभिमंत्रित जल भक्तों को वितरित किया गया तथा सभी को अभिमंत्रित रुद्राक्ष भी प्रदान किए गए।

सवा घंटे तक चले सामूहिक जाप के पश्चात श्रद्धालुओं ने देवों के देव महादेव के दिव्य विवाह और सेवावीर परिवार के स्थापना दिवस की खुशियां भक्ति भाव से नृत्य करते हुए मनाई। समापन पर महाआरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। इसके पश्चात समस्त सेवावीर उकाला गणेश मंदिर पहुंचे, जहां प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश को 11 दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव का विधिवत आमंत्रण दिया गया। पूजा-अर्चना के बाद आमंत्रण पत्र भगवान गणेश को पढ़कर सुनाया गया और इसी के साथ सेवावीरों ने आगामी भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन का शंखनाद किया। सेवावीर परिवार द्वारा 23 मार्च से 2 अप्रैल तक त्रिवेणी मेला ग्राउंड स्थित मानस भवन में 11 दिवसीय अखंड हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान 11 दिनों तक दिन-रात 24 घंटे अखंड हनुमान चालीसा का पाठ निरंतर चलता रहेगा और एक मिनट के लिए भी नहीं रुकेगा।

मलेनी नदी में नाव पलटी, 3 युवक डूबे

नवभारत न्यूज

रतलाम। नाव के नदी में डुबने से तीन युवकों की जान पर बन आई। इसमें से दो युवक तैराकी जानने से बाहर निकल आए, लेकिन एक युवक नहीं आ सका। सूचना पर प्रशासन अलर्ट हुआ और रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा हैं।

जिले के रिंगनोद और बड़ावदा थाना क्षेत्र के बीच बहने वाली मलेनी नदी में रविवार दोपहर एक डोंगी (नाव) पलट गई। नाव में सवार तीन युवक नदी में गिर गए। इनमें से दो युवक तैरकर बाहर निकल आए और मौके से चले गए, जबकि एक युवक नदी में डूब गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नाव का संतुलन बिगड़ने से यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया, लेकिन अंधेरा होने के कारण रात में तलाश रोकनी पड़ी।

2 युवक बाहर आए, एक की तलाश के लिए शुरू हुआ रेस्क्यू अभियान

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नाव में बड़ावदा थाना क्षेत्र के गांव ऊंणी के तीन युवक सवार थे। जो युवक डूबा है, उसकी पहचान भोला (पुष्कर) लोहार निवासी ऊंणी के रूप में हुई है। वहीं, तैरकर बाहर निकले दो अन्य युवक भी ऊंणी गांव के ही बताए जा रहे हैं। पुलिस अब उन दोनों की तलाश कर रही है।

आज फिर चलेगा रेस्क्यू

मलेनी नदी में रविवार दोपहर एक डोंगी (नाव) पलट गई। नाव में सवार तीन युवक नदी में गिर गए। इनमें से दो युवक तैरकर बाहर निकल आए और मौके से चले गए, जबकि एक युवक नदी में डूब गया। सूचना मिलने पर पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम ने रेस्क्यू शुरू किया, लेकिन अंधेरा होने के कारण रात 7 बजे ऑपरेशन रोक दिया गया। अब सोमवार सुबह फिर से तलाश शुरू की जाएगी।

20 फीट गहरी है नदी

बड़ावदा की तरफ से आ रही नदी का किनारा रिंगनोद की तरफ आता है। यहां पिंगला और मलेनी नदी का संगम भी है। नदी की गहराई करीब 20 फीट है और दोनों तरफ के किनारों की चौड़ाई 200 मीटर से अधिक है। युवक को तलाशने के लिए गांव के तैराकों को भी लगाया गया था, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

बैलेंस बिगड़ने से हुआ हादसा

घटना दोपहर करीब 2 बजे की है। तीनों युवक नाव में बैठकर मछली पकड़ने के लिए नदी के बीच चले गए थे। वहां अचानक नाव का बैलेंस बिगड़ गया और वह पलट गई। तीनों युवक पानी में गिर गए। दो युवकों ने तैरकर अपनी जान बचा ली, लेकिन वे मौके पर रुकने के बजाय भाग गए।

एक नजर में

कोठारी फेलोशिप के लिए किया चयनित

रतलाम। चिकित्सक डॉ. प्रदीप बी कोठारी (74 वर्ष) को इस वर्ष डायबिटीज इंडिया द्वारा फेलोशिप के लिए चयनित किया गया है। यह सम्मान उन्हें मधुमेह रोगियों की उपचार सेवा, जनजागरूकता एवं चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जा रहा है। डॉ. कोठारी लंबे समय से रतलाम एवं आसपास के क्षेत्र में मधुमेह रोगियों को विशेषज्ञ परामर्श एवं उपचार उपलब्ध करा रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में अनेक स्वास्थ्य शिविरों एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया है, जिससे समाज के विभिन्न वर्गों को लाभ मिला है। चिकित्सा क्षेत्र में उनकी सहजता, सौम्यता और सेवा-भावना के कारण वे मरीजों के बीच विशेष विश्वास का स्थान रखते हैं। डायबिटीज इंडिया द्वारा फेलोशिप हेतु चयन को उनके समर्पित कार्यों की औपचारिक मान्यता के रूप में देखा जा रहा है। इस उपलब्धि पर शहर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं चिकित्सा समुदाय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

राजपूत समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया सम्मान

रतलाम। श्रीनगर राजपूत समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान दिनेश वाघेला की ओर से किया गया।रतलाम, 14 फरवरी 2026 शनिवार को काटजू नगर स्थित बगीचे में वाघेला गौसेवा जीवदया समिति द्वारा श्रीनगर राजपूत समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समिति के प्रमुख दिनेश वाघेला द्वारा संस्थापक सदस्य बाबूलाल सिसोदिया के श्रीनगर राजपूत समाज के जिलाध्यक्ष निर्वाचित होने पर उनका शाल, श्रीफल एवं पुष्पमाला से स्वागत कर अभिनंदन किया गया। इसी अवसर पर महिला अध्यक्ष राजुबाला चौहान सहित समाज के प्रमुख निर्वाचित सदस्य चिमनलाल चौहान, आशीष राठौर, संतोष सिसोदिया, लोकेश चौहान एवं संदीप राठौर का भी सम्मान किया गया। सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन समाजजनों की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि चुनाव समाज के सदस्यों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से संपन्न हुए। समारोह में प्रेम सिंह राठौर, प्रकाश सिसोदिया, सुभाष सिसोदिया, प्रहलाद पवार, देवेंद्र चौहान, संदीप राठौर, सोनू चौहान, प्रवीण राठौर, आशीष राठौर, चेतन पवार एवं संजय सिसोदिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह का वातावरण उत्साहपूर्ण रहा तथा अंत में सभी ने समाज की एकजुटता एवं विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

स्वयंसेवक संघ ने मंदिरों पर किया घोष वादन

जावरा। नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जावरा नगर की तीन इकाईयों द्वारा अखिल भारतीय घोष दिवस माह शिव रात्रि पर्व पर मंदिरो पर घोष वादन किया गया।नगर के जागनाथ महादेव मंदिर, अमर नाथ महादेव मंदिर गीता भवन, विजेश्वर महादेव मंदिर कोर्ट परिसर, गोपेश्वर महादेव गोशाला, नीलकंठ महादेव मठ मंदिर, श्री राम मंदिर बडा मालीपुरा, श्री सवारियां सेठ मंदिर मित्र नगर, दुर्गा माता मंदिर चौपाटी, पंचमुखी हनुमान मंदिर बस स्टैंड, श्री रामेश्वर महादेव मंदिर खारीवाल कॉलोनी में तीनों इकाइयों द्वारा घोष वादन किया। इस दौरान मंदिर में उपस्थित भक्त जन द्वारा हर हर महादेव का उदघोष किया गया।

विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी एवं टी-शर्ट प्रदान कर किया सम्मानित

रतलाम। मेरा युवा भारत जिला रतलाम एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में बालक क्रीड़ा परिसर, बाजना विकासखंड में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

युवा अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खेल परिसर अधीक्षक महेंद्र देवड़ा, आदिवासी छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष सांवरिया निनामा, आशीष डिंडोर एवं भावेश चौधरी रहे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत कबड्डी, रस्साकशी, 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ तथा गोला फेंक की स्पर्धाएं आयोजित की गईं। समापन अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी एवं टी-शर्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका सांवरिया निनामा, भावेश चौधरी, आशीष डिंडोर, श्रीमती प्रीति चरपोटा एवं दुर्गा शंकर मोयल ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती ममता सिंह द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन भावेश चौधरी ने किया।

कबड्डी (बालक वर्ग) में विजेता - खेल परिसर बाजना, उपविजेता -रावटी अकादमी

रस्साकशी (बालक/बालिका) में विजेता - खेल परिसर बाजना, उपविजेता- एकलव्य आवासीय विद्यालय बाजना

200 मीटर दौड़ (बालक) में प्रथम - महेश डोडियार, द्वितीय-राकेश वसुनिया, तृतीय - राहुल अमलियार

गोला फेंक (बालक) में प्रथम -राकेश, द्वितीय -मनीष भाबर, तृतीय -पंकज सिंघाड़ विजेता रहे।

पुलिस ने 3 जिलों में चेन स्नैचिंग, लूट करने वाला गिरोह पकड़ा

नवभारत न्यूज

रतलाम। पुलिस ने 3 जिलों में चैन स्नेचिंग और लूट की वारदातों को अंजाम देने वाला गिरोह पकड़ा हैं। पुलिस ने गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी गया माल भी पुलिस ने जब्त किया है।

पुलिस ने 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार, लूट का सामन जब्त

एसपी अमित कुमार ने प्रेसवार्ता कर बताया कि पिछले वर्ष 5 फरवरी को जावरा, 6 फरवरी को ताल, आलोट तथा बडोद जिला आगर एवं 7 फरवरी को सुसनेर जिला आगर व जीरापुर जिला राजगढ में महिलाओ के गले से मंगलसुत्र व पर्स व मोबाईल छीनने की घटना में तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा काले कलर की पल्सर से अंजाम दिया था। मामले की पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया। एएसपी विवेक कुमार व एसडीओपी आलोट श्रीमती पल्लवी गौर के मार्गदर्शन में विभिन्न थानों, सायबर सेल, सीसीटीवी की संयुक्त विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने घटना के बाद त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे ट्रैक किए गए। टीम ने लगातार अलग अलग जिलों में जाकर सीसीटीवी कैमरे के आधार पर आरोपियों का रूट ट्रैक किया। चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार करने में निरी तूरसिंह डावर थाना प्रभारी ताल, स्वराज डाबी थाना बडावदा, अमित कोरी प्रभारी सायबर सेल, उनि कुलदीप देथलिया थाना आईए जावरा, शिवेन्द्र कुमार चौकी प्रभारी सरसी, राजा तिवारी, कुलदीप डाबी चौकी हाटपिपलिया थाना बडावदा, सउनि पंकज भम्भोरिया, प्रआर मनमोहन शर्मा सायबर सेल, लक्ष्मीनारायण सूर्यवंशी सायबर सेल, आर विपुल भावसार सायबर सेल, बाबुलाल थाना आलोट, शुभम सिंह ताल, महिपालसिंह, देवेन्द्र डोडिया, पारस चावला, राहुल, नीलेश शर्मा, देवेन्द्र कायस्थ, मनीष शर्मा, पवन, थाना जावरा शहर से आर सुरेन्द्रपालसिंह, नारायणसिंह, अभय चौहान, जीवन विश्वकर्मा, थाना माणकचौक रणवीरसिंह, थाना आलोट से दीपक पाटीदार, अंकित काला, प्रआर शांतीलाल डिंडोर, आर शिवकुमार जाट की विशेष भुमिका रही। एसपी ने बताया कि सराहनीय योगदान के लिए पुलिसकर्मियों को पुरूस्कृत किया जावेगा।

आरोपियों से पुलिस कर रही पूछताछ

सीसीटीवी में दिखे आरोपियों के फोटो सोशल मीडिया के माध्यम से सर्कुलेट किए गए। सायबर सेल टीम की मदद से तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना तंत्र के आधार पर संदिग्ध आरोपियों की पहचान कर आरोपी विजय पिता मुकेश डिण्डोरिया (21) निवासी गोरेगांव वास्तु विहार कालोनी,रातीबड जिला भोपाल, राजा खान पिता आशिक खान (23) नेहरु नगर कोटरा भोपाल, लक्की पिता मृदुन (23) न्यू अम्बेडकर नगर बंजली, कोलार जिला भोपाल, मयंक पिता सुनील कुमार (400 निवासी दानेश कुंज कोलार रोड भोपाल को गिरफ्तार कर चोरी का सामान जब्त किया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

धर्म शिवालय की शरण में पहुंचा श्रृद्धा का सैलाब ,बाबा की पालकी ने किया नगर भ्रमण

चारों ओर गूंजे भोले के जयकारे, जागनाथ ने किया नगर भ्रमण

नवभारत न्यूज़

जावरा । महाशिव रात्रि के मौके पर नगर में स्थित शिवालयों में रविवार को प्रात: से ही भक्तो का तांता लगने का सिलसिला प्रारंभ हो गया। जैसे-जैसे दिन चढ़ा श्रृद्धालुओं की संख्या शिव मंदिरों में बढ़ती चली गई जो देर रात तक निरंतर चलती रही। सभी शिव मंदिरों को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया तथा विशेष प्रकार की वस्तुओं से शिव का श्रृंगार भी किया गया। मंदिरों में दिनभर भजन-कीर्तन भी श्रृद्धालुओं द्वारा किए गए। शाम 4.30 बजे पुल बाजार स्थित जागनाथ महादेव मंदिर से शाही सवारी निकली। सवारी में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कान्हसिंह चौहान, कांग्रेस बुथ प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष वरूण श्रोत्रिय, पुर्व नपा अध्यक्ष अनिल दसेडा, सर्राफ प्रकाश कोठारी, सुनिल भावसार, राहुल ओस्तवाल आदि विशेष रूप से मौजूद थे। पर्व को देखते हुए प्रशासन ने विशेष सुरक्षा व्यवस्था की। नगर पुलिस अधीक्षक युवराज सिह चौहान के साथ आइए थाना टीआई विक्रमसिंह चौहान व शहर थाना टीआई शोभायात्रा के दौरान अपनी पैनी निगाहे बना रखी थी।

भोले के हुए श्रृंगार: नगर का सबसे प्राचीन व प्रसिद्ध जागनाथ महादेव मंदिर पुल बाजार पर श्रृद्धालुओं का महाकाल की शरण में पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ हो गया। नगर के विभिन्न मंदिरों में शिवलिंग का विशेष प्रकार की वस्तुओं से श्रृंगार किया गया। कहां मावे से तो कहां भांग, चांवल, टमाटर, बेगन व फुलों से श्रृंगारित किए गए।

मेवा युक्त शरबत का वितरण: अनेक सामाजिक संस्थाओं ने साबुदाने की खिचड़ी तथा महाकाल की प्रसादी (भांग) के स्टाल कई स्थानों पर लगाएं। शाही सवारी का शिवकृपा ग्रुप ने सोमवारियां बाजार पर 8 क्विंटल मेवा युक्त खसखस की शरबत से श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। केकेसिंह कालूखेड़ा ने श्रृद्धालुओं को प्रसादी वितरण की। ग्रुप प्रमुख महेन्द्र गोखरू उर्फ गुड्डु सेठ व अश्विन शर्मा ने बताया यात्रा का खसखस शरबत के साथ गुलाबों की फंखुड़ियों से जमकर स्वागत किया। अशोक कोठारी, पवन पाटनी, राजेन्द्र अग्रवाल, विजय ढ्ढा, रणजीत सिंघल, संदीप हरण, विनोद दख, सिद्धार्थ लुणिया, भंवरलाल अग्रवाल, विरेन्द्र पामेचा, शैलेन्द्र गोखरू, चरणसिंह देवड़ा, बद्री पोरवाल, संजय राठौर आदि सदस्यगण मौजुद रहे।

शिव-पार्वती विवाह संपन्न: रावण द्वार स्थित रत्नेश्वर महादेव मंदिर में शाम 6 बजे मंत्रोच्चार के साथ महारूद्र अभिषेक किया। इस दौरान महाआरती कर प्रसादी वितरीत की गई। इधर श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पर शिव-पार्वती विवाह 5 दिनी महोत्सव के रूप मे धूमधाम से मनाया गया, शनिवार को मामेरा और मंडप सजा, मामेरा का लाभ अनिल पोखरना परिवार ने लिया, रविवार को शिव-बारात निकाली, बारात श्री मंशापूर्ण से होते हुए बटालियन होते हुए पुन: मंशापूर्ण मंदिर पर पहुंची, बारात में समित अध्यक्ष पोखरना, उपाध्यक्ष आईपी त्रिवेदी, सचिव नितिन चावला, सह सचिव पवनसिंह खींची, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्रसिंह तोमर, त्रिलोक पाल, मांगीलाल खोईवाल, मयूर वर्मा, गौरव रावल, दीपक प्रजापत, रॉकी सिंह, टोनी उपाध्याय, कालू चौहान,भावेश शर्मा, आयुष भोलेनाथ की आरती राहुल पंडितजी ने की।

शाम को निकली शंकर की सवारी

हर-हर महादेव भक्त मंडल द्वारा पुल बाजार स्थित जागन्नाथ महादेव मंदिर से शाम 4.30 बजे सवारी निकली। जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई पुन: शंकर मंदिर पहुंची। मंडल अध्यक्ष अमृत आंजना सचिव रवि शर्मा ने बताया जगह-जगह सवारी का स्वागत हुआ। नासिक ग्रुप के ढोल की ढाप पर युवा पुरे समय थिरकते नजर आए। यात्रा में शामिल तोप भी आकर्षण का केन्द्र बनी हुई थी। फूलों की तोप से जगह-जगह पुष्पवर्षा की जा रही थी। भस्म रमैया भक्त मंडल के कलाकारों ने भी जमकर प्रस्तुति दी।